भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
प्रेस विज्ञप्ति

विषय:- **केन्द्रीय नागर विमानन राज्य मंत्री ने 2 से 5 मिलीयन यात्री प्रतिवर्ष में विश्व के 05 सर्वश्रेष्ठ हवाईअड्डों में से 04 हवाईअड्डे भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के होने पर प्रशंसा की ।**

नई दिल्ली, 2 अप्रैल, 2016: देश के सभी हवाईअड्डों पर अत्याधुनिक यात्री सुविधाएं तथा विमान दिक्चालन सेवाएं उपलब्ध कराने का कार्य करने वाले भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) ने 1 अप्रैल 2016 को सिरी फोर्ट ऑडिटोरियम में अपनी 21वीं वर्षगांठ मनाई । डॉ. महेश शर्मा, माननीय नागर विमानन राज्य मंत्री इस समारोह में मुख्य अतिथि तथा श्री आर. एन. चौबे, सचिव (नागर विमानन) सम्मानित अतिथि थे ।

सांस्कृतिक कार्यक्रम आरंभ होने से पहले विभिन्न क्षेत्रों में उनके प्रशंसनीय योगदान हेतु भाविप्रा के उपलब्धि प्राप्त कार्मिकों का सम्मान किया गया । एयरपोर्टस काउंसिल इंटरनेशनल की सर्वोत्तम ए एस क्यू रेटिंग प्राप्त करने वाले जयपुर, लखनऊ, गोवा, त्रिवेन्द्रम तथा श्रीनगर के विमानपत्तन निदेशकों को ये अवार्ड माननीय मंत्री द्वारा अन्य सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति में दिए गए ।

भाविप्रा के 21वें वार्षिक दिवस समारोह के अवसर पर बोलते हुए माननीय राज्य मंत्री डॉ. महेश शर्मा ने बताया कि पिछले दो वर्षों की अभूतपूर्व वृद्धि को देखते हुए भारतीय विमानन सेक्टर 2020 तक अपनी वैश्विक रैंकिंग सुधार कर 9 से 3 पर पहुँचने हेतु तैयार है । हवाईअड्डा अवसंरचना, विमान दिक्चालन सेवाएं, निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व इत्यादि के क्षेत्र में हाल के वर्षों में प्रशंसनीय उपलब्धियाँ प्राप्त करने हेतु उन्होंने संपूर्ण भाविप्रा परिवार को शुभकामनाएँ दी ।

इस अवसर पर बोलते हुए सचिव (ना.वि.) श्री आर. एन. चौबे, ने नागर विमानन क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा तय किए गए लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु भाविप्रा द्वारा उपलब्ध करवाई गई सेवाओं में अपना विश्वास जाहिर किया । पिछले एक वर्ष के दौरान भाविप्रा की उपलब्धियों हेतु उन्होंने संपूर्ण भाविप्रा परिवार को शुभकामनाएं दी तथा एकत्रित सम्मानित सभा को बताया कि अपने हवाईअड्डों पर सेवाओं तथा यात्री सुविधाओं को उन्नत करने में भाविप्रा के लगातार प्रयासों के कारण भाविप्रा को विश्व के सर्वोत्तम सेवा प्रदाताओं में स्थान मिला है ।

पर बोलते हुए अध्यक्ष, भाविप्रा श्री सुधीर रहेजा ने एक वर्ष के दौरान भाविप्रा द्वारा अर्जित अनेक उपलब्धियों तथा सम्मानों के बारे में बताया तथा देश में हवाईअड्डा अवसंरचना के विकास के बारे में सूचित किया तथा बताया कि भाविप्रा को यह कहने में गौरव की अनूभूति हो रही है कि 02 प्रमुख हवाईअड्डा विकास परियोजनाएं जैसे चंडीगढ तथा तिरूपति हवाईअड्डे को माननीय प्रधानमंत्री, भारत सरकार ने राष्ट्र को समर्पित किया । इसके अतिरिक्त कडप्पा तथा खजुराहो पर हवाई अड्डा विकास

परियोजनाओं को पिछले वर्ष माननीय केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री श्री अशोक गजपति राजू जी ने राष्ट्र को समर्पित किया । उन्होंने आगे आश्वस्त किया कि भाविप्रा ने गैर-यातायात राजस्व अर्जित करने, मार्केटिंग रणनीति, देश के कोने-कोने में हवाईअड्डा अवसंरचना उपलब्ध कराने, मानव संसाधनों को प्रशिक्षित व पुन: प्रशिक्षित करने, उन्हें चुनौतियां स्वीकार करने हेतु सक्षम बनाने, निगमित सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वाहन करने तथा सबसे ऊपर नागर विमानन मंत्रालय की नागर विमानन नीति 2015 की एक महत्वपूर्ण विशेषता क्षेत्रीय संपर्कता योजना को बढ़ावा देने हेतु रोडमैप तैयार किया है ।।

वर्षगांठ समारोह का समापन मनोरंजक संगीतमय शाम ''स्वर संध्या'' के साथ सम्पन्न हुई जिसे प्रसिद्ध कलाकारों रेखा भारद्वाज एवं सुगंधा मिश्रा द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा उनकी इस प्रस्तुति से दर्शक मंत्र मुग्ध हो गए ।

....

जनसम्पर्क विभाग द्वारा जारी

विस्तृत विवरण के लिए संपर्क करें:

महाप्रबंधक (ज.सं.) 9811521881, 011-24622787

सं. 1/2016-17

डॉ. महेश शर्मा, माननीय नागर विमानन राज्य मंत्री भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण की 21वीं वर्षगांठ के अवसर पर श्री आर.एन.चौबे, सचिव (नागर विमानन), श्रीमती एम सत्यवती, डी.जी.सी.ए, श्री सुधीर रहेजा, अध्यक्ष एवं भा.वि.प्रा. के अन्य सदस्यों की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन करते हुए ।